# चल समारोह में दो हजार पुलिस कर्मियों के साथ ड्रोन से होगी निगरानी

- आज रात निकलेगा परंपरागत झांकियां का कारवां
- अनन्त चतुर्दशी चल समारोह 2025

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज रात शहर में अनंत चतुर्दशी पर परम्परागत झांकियों का कारवां निकलेगा. आज रात भर करीब 12 संस्थानों की झांकियां निकाली जाएगी. गणेश विसर्जन चल समारोह में दो हजार पुलिसकर्मी और प्रशासन के अधिकारियों सहित तैनात रहेंगे. पूरे झांकी मार्ग की ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी.**



जिला प्रशासन ने अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन चल समारोह के लिए पुख्ता व्यवस्था कर ली है. इसके तहत डीआरपी लाइन से लेकर चिमनबाग चौराहे तक सभी एसडीएम और तहसीलदारों को पुलिस अधिकारियों के साथ सेक्टर में विभाजित किया गया है. करीब 8 किलोमीटर झांकी मार्ग पर दो हजार पुलिसकर्मी 20 से ज्यादा वॉच टॉवर के साथ ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी. इस वर्ष खजराना गणेश मंदिर, आईडीए, भण्डारी मिल, नगर निगम, कल्याण मिल, स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी एवं मालवा मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल, हुकमचंद मिल, जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति संस्थाओं की झांकियां निकलेंगी. एक संस्थान की दो या तीन झांकियां रहेंगी. झांकियों के साथ करीब 50 अखाड़े भी रहेंगे.

### पुख्ता इंतजाम किए : कलेक्टर

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि चल समारोह के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. साथ ही साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी की है. जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था निगरानी के लिए वाच टावर बनाए गए हैं और वाच टॉवर्स पर चिकित्सकों टीम भी मौजूद रहेगी. साथ ही प्रमुख स्थानों पर मय चिकित्सक एम्बूलेंस भी तैनात रहेगी. सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जाएगी. चल समारोह में शराब पीकर आने वालों की पुलिस द्वारा ब्रीथ एनेलाइजर के माध्यम से जाँच की जाएगी.

### झांकियों का क्रम निम्नानुसार रहेगा

1.खजराना गणेश मंदिर, 2. शास्त्री कार्नर नवयुवक मण्डल, छोटा गणपति मंदिर मल्हारगंज, 3. इंदौर विकास प्राधिकरण, 4. नगर निगम, 5. भण्डारी मिल, 6. कल्याण मिल, 7. मालवा मिल, 8. हुकुमचंद मिल, 9. स्वदेशी मिल, 10. राजकुमार मिल, 11. स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी, 12. जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति की झांकियां चलेगी.

### झांकी मार्ग

अनन्त चतुर्दशी चल समारोह आज 6 सितम्बर को शाम 6 बजे से शुरू होगा। उक्त चल समारोह मिल क्षेत्र और डीआरपी लाइन मैदान से प्रारंभ होकर श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एमजी रोड, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, सीतला माता बाजार, गौराकुंड, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होकर वापस अपने मिलों में पहुंचेगा.

### अखाड़ों की व्यवस्था

अखाड़ों के उस्तादों से कहा गया है कि वे झांकी निकलने के पूर्व अर्थात् शाम 5 बजे तक अपने निर्धारित स्थल पर पहुँच जाएं. अखाड़ों में शराब आदि नशा करके चलना प्रतिबंधित है. साथ ही तेज धारदार संघातिक हथियार लेकर चलना भी प्रतिबंधित है. मिट्टी के तेल को मुंह में भरकर आग उड़ाना एवं अन्य खतरनाक किस्म के करतब भी प्रतिबंधित है. अखाड़ों के व्यक्तियों द्वारा कलेक्टर आदेश का नहीं करने पर जुलूस से अलग कर बाद में लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है. अखाड़ों में धारदार एवं संघातिक किस्म के हथियार को लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अखाड़ों के उस्तादों को प्रतीक के रूप में मात्र एक तलवार म्यान में रखकर चलने की अनुमति रहेगी।

## एक नजर में

### त्योहारी सीज़न से अपनाइंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया

**इंदौर.** अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से पहले, अमेज़न इंडिया बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने केलिए तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश में अपना इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करते हुए, अमेज़न इंडिया ने इंदौर में एक नया फुलफ़िलमेंट सेंटर और एक सॉर्ट सेंटर शुरूकरके अपना ऑपरेशंस नेटवर्क बढ़ाया है, जिससे स्थानीय विक्रेता ग्राहकों तकतेज़ी से पहुंच पाएंगे और क्षेत्र में सैकड़ों नई नौकरियां भी पैदा होंगी. अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर - होम, किचन और आउटडोर्स के. एन. श्रीकांत ने कहा मध्य प्रदेश में, ग्राहक स्मार्ट, स्वस्थ और टिकाऊ जीवन शैली अपना रहे हैं फ़र्नीचर और उपकरणों से अपने घरों को अपग्रेड करने से लेकर वॉटरप्यूरीफ़ायर, सोलर पैनल और फिटनेस व ऑटोमोबाइल उत्पादों में निवेश करनेतक. हम क्षेत्र में एक फुलफ़िलमेंट सेंटरऔर एक सॉर्ट सेंटर लॉन्च करके अपना इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर रहे हैं, जिससेतेज़ और भरोसेमंद डिलीवरी सुनिश्चित होगी और स्थानीय विक्रेताओं को अपनीपहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### यूनेस्को चेयर प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य शिक्षा पर बल दिया

**इंदौर.** मध्य प्रदेश ने वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है. स्वच्छ ऊर्जा और जल जैसे क्षेत्रों में राज्य ने मजबूत प्रदर्शन किया है और अब शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में कार्य कर रहा है. इस मिशन को सफल बनाने के लिए राज्य की युवा आबादी के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देना आवश्यक है. भारत के यूनेस्को चेयर प्रतिनिधि (ग्लोबल हेल्थ एवं एजुकेशन) डॉ. राहुल मेहरा ने शिक्षक दिवस पर तरंग हेल्थ अलायंस और फिजीहा (फोरम फॉर इंडियन जर्नलिस्ट्स ऑन एजुकेशन, एनवायरनमेंट, हेल्थ एंड एग्रीकल्चर) द्वारा आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का समग्र विकास होना चाहिए. डॉ. मेहरा ने विद्यालयों में स्वास्थ्य शिक्षा की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया.

### नेटफ्लिक्स पर इंस्पेक्टर जेंडे

**इंदौर.** सच्ची घटना से प्रेरित इंस्पेक्टर जेंडे के लेखक और निर्देशक चिन्मय मांडलेकर हैं. इसका निर्माण जय शेवकरमानी और ओम राउत ने किया है. इंस्पेक्टर जेंडे की स्ट्रीमिंग 5 सितंबर से केवल नेटफ्लिक्स पर हो रही है. चूहे-बिल्ली की दौड़ आज से शुरू. 1980 का मुंबई और इंस्पेक्टर जेंडे. देखिए केवल नेटफ्लिक्स पर. इसमें मनोज बाजपेयी तेज दिमाग और चतुर पुलिसवाले की भूमिका में दिखेंगे जो स्विमसूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) को एक बार नहीं, बल्कि दो बार पकड़ते हैं. इस फिल्म में हँसी-मजाक के साथ एक ऐसा दिलचस्प ड्रामा दिखाया गया है, जो एक दिग्गज पुलिसवाले की सच्ची कहानी पेश करता है. मनोज बाजपेयी एक बहुत तेज दिमाग वाले पुलिस अधिकारी जेंडे का किरदार निभा रहे हैं।उनकी भरोसेमंद टीम में उनका साथ दे रहे हैं, सचिन खेड़ेकर, भालचंद्र कदम, हरीश दुधाड़े, ओंकार राउत, भारत सवाले और नितिन भजन।

### खजराना गणेश को जा 3 लाख लड्डुओं का भोग

इंदौर,. खजराना गणेश मंदिर पर चल रहे गणेशोत्सव में इस बार खजराना गणेश को तीन लाख लड्डुओं के भोग समर्पित करने का कीर्तिमान शनिवार तक संपन्न होगा, जब विभिन्न समाजसेवी बंधुओं की ओर से प्रतिदिन 21-21 हजार अलग-अलग किस्म के लडडुओं का भोग लगाया जाएगा. भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी ने बताया कि गुरूवार को समाजसेवी विनोद नागोरी परिवार की ओर से ड्रायफरूट्स के 21 हजार फलाहारी लड्डुओं का भोग समर्पित किया गया.



### अमेज़न ने एक्सियो का अधिग्रहण पूरा किया

**इंदौर.** अमेज़न ने आज यह घोषणा की है कि उसने भारतीय रिज़र्व बैंक से नियामक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, भारत में अग्रणी डिजिटल ऋण और चेकआउट वित्त प्रदाता, एक्सियो (पहलेकैपिटल फ्लोट) का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया है. भारत में अमेज़न के सबसे बड़े अधिग्रहणों में से एक इस अधिग्रहण की बदौलत भारत में अपनी वित्तीय सेवाओं के विस्तार के लिए अमेज़न की प्रतिबद्धता को और मज़बूती मिली है. अमेज़न में पेमेंट्स के वाइस प्रेसिडेंट महेंद्र नेरूकर ने कहा, केवल 6 में से 1 भारतीय ग्राहक के पास चेकआउट फाइनेंसिंग का एक्सेस है, इसलिए क्रेडिट एक्सेस बढ़ाना अमेज़न की एक मूलभूत प्राथमिकता है. पिछले छह वर्षों में, एक्सियो के साथ हमारी साझेदारी से हम 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ऋण उपलब्ध करा पाए हैं.

### आंध्र प्रदेश ने बनाया गिनीज़ रिकॉर्ड

**इंदौर.** आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसाइटी ने स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. संस्था ने 24 घंटे में किसी उद्यमिता/स्टार्टअप/बिज़नेस प्रोग्राम में ऑनलाइन साइन-अप करने वाले सबसे अधिक लोगों का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है. यह रिकॉर्ड 19 अगस्त दोपहर 12.30 बजे से 20 अगस्त दोपहर 12.30 बजे के बीच 1,63,254 पंजीकरण के साथ बनाया गया. यह उपलब्धि 'अविष्करण आंध्र' अभियान के तहत हासिल हुई. औपचारिक समारोह में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसाइटी के सीईओ सूर्या तेजा को गिनीज़ के आधिकारिक निर्णायक ऋषि नाथ और रणनीतिकार निश्चल बारोट ने प्रदान किया। बारोट ने इस रिकॉर्ड प्रयास की रणनीति और प्रमाणन प्रक्रिया का नेतृत्व किया।

### अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

**इंदौर.** पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि चिंतन, मनन और शोध का विशाल भंडार होता है. छात्रों और नई पीढ़ी को आज के डिजिटल युग में भी पुस्तकालयों के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से कोलकाता के श्री जैन विद्यालय में आधुनिक मदन कुमार मेहता स्मृति पुस्तकालय की स्थापना की गई है. उद्घाटन समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार गांगोपाध्याय मुख्य अतिथि थे. इस अवसर पर दिवंगत मदनबाबू की पत्नी शांता कुमारी मेहता, डॉ. अमित कुमार राय, विद्यालय अध्यक्ष विनोद कंकड़िया एवं सरदार मल कंकड़िया, प्राचार्य संजय कुमार पांडेय, सचिव मनोज कुमार बोथरा, श्रीमती कल्पना सुधीर मेहता समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. न्यायमूर्ति गांगोपाध्याय ने कहा शिक्षा के बिना समाज की प्रगति असंभव है. यह पहल आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करेगी.

# तीन दिन में सुधार कार्य करें अन्यथा ब्लैकलिस्टेड करने की होगी कारवाई : महापौर

- तीन दिन में सभी सर्विस रोड सुधारने के निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज की खराब सर्विस रोड ठीक नहीं करने को लेकर महापौर ने अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की. शहर की खराब सड़कों पर जलजमाव और यातायात जाम होने से व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं. जबकि बारिश के पहले ही सभी एजेंसियों को स्पष्टनिर्देश दिए थे कि सर्विस रोड को ठीक कर लिया जाए. किसी भी एजेंसी ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया. अगले तीन दिन में सभी सुधार कार्य नहीं किए गए,तो प्रमुख सचिव और मुख्यसचिव को रिपोर्ट भेज कर कारवाई का बोला जाएगा.**



आज नगर निगम सभागृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर की सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक इसलिए बुलाई गई थी कि पूरे शहर में सड़को और मुख्य मार्गों पर जलजमाव एवं यातायात जाम की खबरें सभी मीडिया संस्थानों ने प्रमुखता से न सिर्फ छापी, बल्कि विकास कार्यों की पूरी पोल खोलकर रख दी. बैठक में महापौर भार्गव ने नाराज होते हुए कहा कि शहर के ब्रिज पर जहां भी सर्विस रोड खराब है, उन्हें तीन दिन में सुधारा जाए. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों की रिपोर्ट तैयार कर प्रिंसिपल सेक्रेटरी और चीफ़ सेक्रेटरी को भेजी जाएगी. दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई और ब्लैकलिस्ट करने तक से नहीं चूकूंगा. बैठक में महापौर परिषद सदस्य राजेंद्र राठौर, अभिषेक बबलू शर्मा, अपर आयुक्त अभय राजनगावंकर पीडब्ल्यूडी, आईडीए, एमपीआरडीसी, इंदौर मेट्रो कार्पोरेशन, ब्रिज सेल और नगर निगम के अधिकारी शामिल थे.

### एजेंसियों पर होगी कार्रवाई

आयुक्त शिवम वर्मा भी एजेंसियों के कार्य पर ध्यान नहीं देने पर नाराज हुए. उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन न होने पर तथा नागरिकों को असुविधा होने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. मेट्रो कार्पोरेशन को जल्दी सुधार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए.

### तीन दिनों में बोर्ड लगाएं

महापौर भार्गव ने कहा कि समय पर काम पूरा न होने से जनता में निगम ओर सरकार की छवि धूमिल हो रही है. उन्होंने नाराज़गी जताते हुए कहा कि किसी भी ब्रिज पर सूचना बोर्ड तक नहीं लगाए गए. साथ ही महापौर ने आदेश दिए कि सभी साइटों पर तीन दिनों के भीतर बोर्ड लगाए जाएं.

# जिला स्काउट संघ का चुनाव कार्यक्रम घोषित

- आजीवन सदस्य का चुने जाएंगे और फिर संघ अध्यक्ष

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लंबे समय से प्रतीक्षारत इंदौर स्काउट एंड गाइड, जिला संघ का चुनाव कार्यक्रम आज घोषित हो गया है. पहले आजीवन सदस्यों के चुनाव होंगे और फिर उसके बाद जिला संघ अध्यक्ष चुना जाएगा.**

संस्कार और अनुशासन की संस्था स्काउट एंड गाइड के इंदौर जिला संघ संस्था में काफी समाज से चुनाव तले जा रहे थे. सदस्य बनाने के बाद फिर धांधली करने को लेकर चुनाव नही कराया जा रहा था. वर्तमान कार्यकारिणी ने उक्त साथ की सारी गतिविधियों को जैसे बंद करने की ठान ली थी. इसको लेकर प्रदेश स्काउट एंड गाइड मुख्यालय भी नाराज बताया जा रहा है. आज आजीवन सदस्यों के चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी शौर्य मल्होत्रा ने कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके तहत 7 पुरुष और तीन महिलाओं को आजीवन सदस्य के चुनने के लिए चुनाव होगा. चुनाव कार्यक्रम के तहत 15 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नामांकन, 16 नामांकन की जांच, 17 को नाम वापसी और फिर शाम 4 अंतिम सूची का प्रकाशन होगा. 26 सितंबर को सुबह 9 से 2 बजे तक मतदान फिर 3 बजे बाद परिणाम घोषित होंगे.

# महापौर पुत्र को राजनीति का मोहरा बनाना निंदनीय : विजयवर्गीय

- वाद विवाद प्रतियोगिता में जो विषय दिया वो निभाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एक स्कूली बालक का वाद विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष की भूमिका निभाना, राजनीतिक अखाड़े का मामला बन गया!**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के पुत्र संघमित्र ने एक वाद विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष की भूमिका में सरकार और रेल मंत्रालय पर सवाल उठाए. उसके लिए उसे पुरस्कृत किया गया, उसने प्रतियोगिता जीती. इसलिए नहीं कि वो राजनीतिक चर्चा और



महापौर पुत्र होने का खामियाजा भुगते. संघमित्र की भाषण शैली की पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सराहना कर दी. कांग्रेस ने उसके सवाल को टारगेट कर बहस छेड़ दी. इस बारे में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि महापौर का पुत्र होने से बच्चे को टारगेट नहीं करें. उसकी प्रतिभा की तारीफ करें. ऐसे ही प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों में कला विकसित होती है, फिर चाहे वाकपटुता हो या वाद विवाद. यह सिर्फ एक प्रतियोगिता थी, जिसमें उसे विपक्ष पर बोलना था, उसने अपना काम किया. फिल्म स्टार भी तो नायक, खलनायक की भूमिका निभाते हैं. रावण की भूमिका निभाने वाले आशुतोष राणा रावण हो गए क्या? महापौर पुत्र को राजनीति का मोहरा बनाना न केवल निंदनीय है अपितु अमानवीय भी है.

### खेल में राजनीति करती है कांग्रेस : महापौर

इस बारे में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कांग्रेस खेल में राजनीति करती है और राजनीति में खेल करती है. मेरे पुत्र को राजनीति का मोहरा बनाया जा रहा है. मैं उसकी निंदा करता हूं. उसको वाद विवाद प्रतियोगिता में जो विषय दिया, उसने वो निभाया.

# 240 से अधिक दिव्यांगों को मिलेंगे 273 कृत्रिम हाथ-पैर

- नारायण सेवा संस्थान का इंदौर में कैम्प कल

**इंदौर.** मानव सेवा की ज्योति जलाने वाला नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर एक बार फिर उन जीवनों में प्रकाश भरने आ रहा है, जिनकी राहें हादसों और विपदाओं ने अंधेरा कर दी थी. 7 सितम्बर को इंदौर के गुरु अमरदास बैंक्वेट हॉल, माणकबाग रोड में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक नि:शुल्क नारायण लिंब एवं कैलीपर्स फिटमेंट कैम्प का आयोजन होगा.

शिविर में वही दिव्यांगजन शामिल होंगे, जिन्हें संस्थान ने गत 25 मई को आयोजित मेजरमेंट कैम्प में चयनित किया था. इस दिन 240 से अधिक लाभार्थियों को 273 अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ-पैर प्रदान किए जाएंगे. संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़



ने बताया कि 40 वर्षों से संस्थान देश-विदेश में लाखों दिव्यांगों के जीवन को संबल दे रहा है. अब इंदौर में भी वे दिव्यांग, जो कभी अपने परिवार पर बोझ समझे जाने लगे थे, जर्मन तकनीक से बने नारायण लिंब पहनकर समाज की मुख्यधारा में लौटेंगे. गौड़ ने मध्यप्रदेश वासियों से मदद की अपील करते हुए कहा हर समृद्ध समाज की ताकत उसके नागरिकों में निहित है. जब दिव्यांग सशक्त होते हैं तो राष्ट्र प्रगति और सुदृढ़ता के पथ पर अग्रसर होता है. इस अवसर पर संरक्षक पारस कटारिया, आश्रम प्रभारी जसवंत मेनारिया के साथ निदेशक भगवान गौड़ ने शिविर का पोस्टर भी जारी किया. शिविर की गरिमा बढ़ाने हेतु संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और अनेक गणमान्य नागरिक आमंत्रित किए गए हैं. शिविर में पूर्व लाभार्थी भी शामिल रहेंगे, जो अपने अनुभव साझा कर नए लाभार्थियों का हौसला बढ़ाएँगे. कटारिया ने कहा यह शिविर केवल कृत्रिम अंगों का वितरण भर नहीं, बल्कि आशा, आत्मनिर्भरता और मुस्कुराहट की सौगात है.



# धूमधाम से मनाया गया ओणम पर्व

- फूलों की रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र

**इंदौर. शहर में ओणम पर्व बड़ी ही धूमधाम और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं.**

ओणम पर्व की खासियत रही रंग-बिरंगे फूलों से बनाई गई आकर्षक पुक्कलम (फूलों की रंगोली), जिसने सभी का मन मोह लिया. जगह-जगह सजे पुष्प अलंकरण और दीप सज्जा ने वातावरण को और भी भव्य बना दिया.




# प्रीत के नवरंग का लोकार्पण

**इंदौर. वामा साहित्य मंच द्वारा कवयित्री प्रीति दुबे की प्रथम काव्य कृति प्रीत के नवरंग का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया.**

आयोजन का प्रारंभ सरस्वती वंदना के साथ संगीता परमार ने किया. शब्द स्वागत वामा साहित्य मंच की अध्यक्ष ज्योति जैन ने किया और प्रीत के नवरंग की भूमिका रखते हुए बताया यह कृति झरने सी झरती जाती है. कवयित्री ने प्रेम के विभिन्न पहलुओं को खूबसूरती से उकेरा है. प्रीति दुबे की सखी नीरु राय ने कविताओं के लिए कहा कि प्रीति की रचनाएं पूर्व प्रायोजित नहीं लगती बल्कि विभिन्न भावों को भी जीवंत रूप से चित्रित करती हैं.

चर्चाकार डॉ. शोभा जैन ने पुस्तक की विषय-वस्तु और काव्य शैली पर विस्तृत चर्चा की. मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष दुबे ने बताया यह काव्य संग्रह दांपत्य की प्रीति है और युवा पीढ़ी को प्रेम और मानवीय संबंधों की गहराई को समझने का अवसर देगा. समारोह की अध्यक्षता कर रहे मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने इस कृति की सराहना करते हुए कहा प्रीति दुबे की कविताएं वर्तमान समय में साहित्य की आवश्यकता हैं. वामा संस्थापक अध्यक्ष पद्मा राजेन्द्र, राहुल दुबे, दामिनी ठाकुर, रश्मि चौधरी, अनीता जोशी, किसलय पंचोली, देवेन्द्र सिंह सिसौदिया, विजय सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया. डॉ. अंजना चक्रपाणी मिश्र ने संचालन किया। आभार प्रदर्शन रितेश दुबे ने किया.

**सेमिनार** | टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन इंदौर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट की इंदौर शाखा द्वारा सेमिनार का आयोजन

# सीमेंट दरों में कमी से बिल्डर्स की लागत कम होगी, होगा उपभोक्ता को लाभ

**इंदौर. 22 सितंबर 2025 से जीएसटी की दरों में काफी बड़ा बदलाव किया गया है. इसके अलावा जीएसटी के प्रावधानों में भी काफी परिवर्तन किया जा रहा है. इन परिवर्तनों को समझने के लिए टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन इंदौर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट की इंदौर शाखा द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया.**




सीए कृष्ण गर्ग ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न 56वी जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार सर्कार द्वारा जीएसटी की दरों में परिवर्तन किया गया है जो 22 सितम्बर से प्रभावशील होंगे. पहले की 4 अलग अलग दरों के स्थान पर अब सिर्फ दो दरों रों अर्थात 5 या 18 से कर लगाया जाएगा. इसके अलावा एक अन्य केटेगरी में लक्ज़री गुड्स जैसे बड़ी कार या गुटका एवं तम्बाकू पर 40% की दर से टैक्स लगेगा. इसका प्रभाव यह हुआ हुआ है कि कुछ वस्तुएं या सर्विसेज पहले से या तो सस्ती हो गयी है या उच्च दरों में सम्मिलित करने से उन पर ज्यादा टैक्स लगेगा. मुख्यतया आम आदमी को रोज़मर्रा की वस्तुओं पर राहत दी गयी है. साथ ही सीमेंट पर कर की दर 28 से 18 कर दी गई है जिससे बिल्डर की कंस्ट्रक्शन कॉस्ट कम होगी। जिससे मकान खरीदना सस्ता होगा. 22 सितंबर से कंस्ट्रक्शन कंपनसेशन सेस को भी समाप्त कर दिया गया है. अभी तक जीएसटी में रजिस्ट्रेशन लेने के लिए करदाता को बहुत परेशानियों को सामना करना पड़ता था. छोटे करदाता उसमें काफी परेशान होते थे. सरकार द्वारा इन छोटे एसएससी के लिए एक बहुत ही सरल जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी की गयी है. कार्यक्रम में पी डी नागर, अरविंद चावला, मनीष डफरिया, स्वप्निल जैन, सुनील खंडेलवाल, गोविंद गोयल एवं बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट, एडवोकेट एवं कर सलाहकार उपस्थित थे. धन्यवाद प्रस्ताव अविनाश अग्रवाल ने दिया.

### अपीलेट ट्रिब्यूनल कार्य प्रारंभ होने का रास्ता साफ

सीए जे पी सराफ ने इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर पर 90% रिफंड को तत्काल देने के निर्णय का स्वागत किया. इसके साथ ही अब जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल कार्य प्रारंभ होने का रास्ता साफ हो गया हैं. अब सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अपील लेने का कार्य सितंबर के अंत तक एवं उस पर सुनवाई दिसंबर के अंत तक शुरू हो जाएगी.

### टैक्स दर के स्पष्ट प्रावधान

सीए सुनील पी जैन ने बताया कि 22 सितंबर से जीएसटी की दरों में परिवर्तन के पश्चात इसके पूर्व में किये गए बिल या पार्टी से भुगतान प्राप्त हो जाने पर पुरानी दर से टैक्स लगेगा या नई दर इस समबन्ध में धारा 14 में स्पष्ट प्रावधान दिए गए है. इसके अनुसार सप्लाई की तिथि, भुगतान एवं बिल जारी करना इस तीन में से कोई भी दो इवेंट रेट परिवर्तन के पहले हो गयी तो पुरानी दर से अन्यथा नई दर से टैक्स देना होगा.